राष्ट्रीय सहारा
9 मार्च, 2020

जल्द शुरू होगा नोएडा-ग्रेनो वेस्ट मेट्रो रूट का काम

नोएडा (एसएनबी)। नोएडा-ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो के प्रस्तावित रूट का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। पहले फेज में 5 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें सेक्टर-122, 123, सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा व सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा नोएडा-ग्रेनो की एक्वा लाइन के सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक लाइन को जोड़ने की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। इसके जुड़ने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा। सेक्टर-76 में पिंक मेट्रो स्टेशन के लोकार्पण के मौके पर एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने यह बात कही।